भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 858

उत्तर देने की तारीख 09 फरवरी, 2024

मोबाइल संचालन में एमटीएनएल की भागीदारी

858. श्री अनिल देसाई:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में प्रमुख मोबाइल संचालन कंपनियों की संख्या कितनी है और पिछले पांच वर्षों के दौरान उनके कारोबार का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान मोबाइल संचालन में एमटीएनएल की भागीदारी और उक्त अवधि के दौरान इसके लाभ/हानि की स्थिति क्या है;

(ग) क्या अन्य निजी कंपनियों के साथ-साथ एमटीएनएल द्वारा भी ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान उनसे कितनी आय हुई है; और

(घ) भविष्य में एमटीएनएल की विस्तार योजना का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री

(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) से (घ) आज की तिथि तक 22 लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्रों (एलएसए) में कुल 305 यूनिफाइड एक्सेस सर्विस लाइसेंस और एकीकृत लाइसेंस (एक्सेस सर्विस ऑथराइजेशन) प्रचालनगत हैं। बीएसएनएल/एमटीएनएल सहित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के ग्राहक और वित्तीय आकड़ों का विवरण भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर प्रकाशित किए जाते हैं और यह उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सरकार ने बीएसएनएल/एमटीएनएल को 3.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि के तीन पैकेजों की स्वीकृति दी है। इन पैकेजों के परिणामस्वरूप बीएसएनएल/एमटीएनएल ने वित्त वर्ष 2020-21 से संचालन लाभ अर्जित करना आरंभ कर दिया है।

बीएसएनएल/एमटीएनएल स्वदेशी रूप से विकसित 4जी/5जी टेलीकॉम स्टैक आरंभ कर रहा है। पुनरुद्धार कार्यनीति के भाग के रूप में बीएसएनएल/एमटीएनएल घरेलू फाइबर कनेक्शनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। आज की तिथि तक 34 लाख से अधिक होम फाइबर कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं।

*****